तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 29 अप्रैल 2025

11 शहर का विकास हमारा प्रथम धर्म : डा. सैनी



11 विश्वविद्यालय प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



## खबर संक्षेप

### रंजिशन हमला करने पर दो के खिलाफ केस

**जींद।** गांव डोहाना में रंजिश के चलते तेजधार हथियार से हमला कर घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डोहानाखेडा निवासी नीटू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका गांव के ही सुरेश से विवाद को गया था। गत दिवस सुरेश ने बंसल के फोन से कॉल कर उसे बाहर बुला लिया।

### ट्रैक्टर चालक ने बाइक चालक को कुचला, मौत

**कैथल।** कैथल के चीका में एक ट्रैक्टर ड्राइवर ने बाइक पर जा रहे 27 वर्षीय युवक को कुचल दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक के भाई ने इस संबंध में चीका थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ट्रैक्टर ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### हमला कर दो युवकों को घायल करने पर केस

**जींद।** सफीदों के हाट रोड पर कुछ युवकों ने हमला कर दो युवकों को घायल कर दिया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने घायल की शिकायत पर 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव पाजू खुर्द निवासी अंकित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके दोस्त गांव सिंघाना निवासी नवीन ने काम के सिलसिले में सफीदों के हाट के रोड पर बुला लिया। जब दोनों आपस में बातचीत कर रहे थे।

### मारपीट 12 हजार रुपये लूट के दो आरोपित काबू

**जींद।** सदर थाना नरवाना पुलिस ने लगभग एक सप्ताह पहले गांव ढाकल के निकट पिकअप चालक से मारपीट करने तथा 12 हजार रुपये लूटने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। धर्मसिंह कालोनी नरवाना निवासी दलबीर ने गत 12 अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत में बताया था।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव लोहचब से शहर मे कोचिंग के लिए निकली युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव लोहचब निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया उसकी बेटी शहर में कोचिग लेती थी। जो गत दिवस घर से शहर के निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी।

### गेहूं के कट्टे चोरी करने के चार आरोपित दबोचे

**कैथल।** गेहूं के 70 कट्टे चोरी करने के मामले की जांच त्वरित कार्रवाई करते एंटी व्हीकल स्टाफ द्वारा 4 आरोपियों को काबू कर लिया गया। आरोपियों ने एक अन्य चोरी की वारदात को भी अंजाम देना कबूला गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि माडल टाउन कैथल निवासी लोकेश गोयल की शिकायत अनुसार 23 की रात को प्लाट से अज्ञात व्यक्ति गाड़ी लगाकर 70 कट्टे गेहुं के चोरी कर ले गए।

### नकदी व जेवरात सहित महिला लापता, केस दर्ज

**जींद।** जुलाना से दो बच्चों, नगदी व जेवरात के साथ महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जुलाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी अपने दो बच्चों के साथ गत 27 अप्रैल को घर से गायब हो गई।

### लाखों का बिजली का सामान चुराया

**कैथल।** पुंडरी खंड के गांव नैना से चोर लाखों रुपए का बिजली का सामान चुरा कर ले गए। बिजली निगम कैथल के एसडीओ भारत काला ने पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 26 की रात को चोर नैना में लाइन का एसीएसआर कंडक्टर तथा 45 मीटर तार चुरा कर ले गए।

# जल्द मिलेगी नागरिक अस्पताल में एक ही छत के नीचे सभी टेस्ट की सुविधा, उचाना लैब से पहुंचा सारा सामान

*उपकरणों व साजोसामान को स्टर्लाइज करने का काम शुरू*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में जल्द ही लोगों को एक ही छत के नीचे सभी टैस्ट सुविधाएं उपलब्ध होंगी। डीजी हैल्थ ने आदेश दिए थे कि 31 मार्च तक हर हाल में लैब में यह सुविधाएं मिलनी शुरू हो जाएं लेकिन ऐसा संभव नही हो पाया। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां भी शुरू की लेकिन समयसीमा कम पड़ गई। फिलहाल उचाना लैब से सामान को जींद अस्पताल लाया जा चुका है और अब इस साजोसामान का स्टर्लाइजेशन का कार्य किया जा रहा है ताकि जब लैब की शुरूआत की जाए तो टैस्ट की गुणवत्ता बनी रहे। उम्मीद है कि इस सप्ताह में लैब को शुरू कर दिया जाएगा।

**31 मार्च तक करनी थी लैब शुरू**

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में डिस्ट्रिक्ट इंटीग्रेटिड पब्लिक हैल्थ लैबोरेटरी लैब चलाई जा रही है। लैब में इस समय बीमारियों, एचआईवी, टीबी, मलेरिया टैस्ट किए जा रहे हैं। जबकि डीजी हैल्थ ने आदेश दिए थे कि 31 मार्च तक हर हाल में यहां सभी टैस्ट की सुविधाएं हों। पहले उचाना स्थित लैब में हैपेटाइटिस, कोरोना के सैंपल भेजे जा रहे थे। डीजी हैल्थ के आदेशों पर अब उचाना लैब के सामान को जींद अस्पताल लाया गया है ताकि गंभीर बीमारियों से संबंधित मरीजों व तीमारदारों को अलग-अलग जगहों पर जाकर टैस्ट करवाने न पड़ें। उचाना लैब को नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग के तीसरे तल पर संचालित किया जाएगा। जिसके बाद पूरी लैब का नाम नैशनल इंटीग्रेटिड पब्लिक हैल्थ लैबोरेटरी लैब हो जाएगा। उचाना लैब से सामान जींद अस्पताल लाया जा चुका है।




जींद। नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में सीढ़ियों के पास लगाया गया लैब का बोर्ड।

### लैब विस्तार का कार्य जारी : डा. जेके मान

उचाना लैब प्रभारी डा. जेके मान ने बताया कि उचाना लैब से पूरा सामान जींद अस्पताल लाया जा चुका है। लैब सामान को जींद लाने में धूल व मिट्टी लग गई थी। जो टैस्ट रिपोर्ट की गुणवत्ता पर असर डाल सकती थी। इसलिए लैब के सामान को स्टर्लाइजेशन व अच्छे से रखरखाव के कार्य की शुरूआत की गई है। एचआईवी, मलेरिया, कोराना, हैपेटाइडिस व टीबी के टैस्ट एक जगह मिलने से लोगों को लाभ होगा। लैब विस्तार कार्य लगातार जारी है। उचाना लैब को नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग के तीसरे तल पर संचालित किया जाएगा। जिसके बाद पूरी लैब का नाम नैशनल इंटीग्रेटिड पब्लिक हैल्थ लैबोरेटरी लैब हो जाएगा।

### पांच सदस्यीय कमेटी का किया गठन

# किसानों के करोड़ों लेकर फरार आढ़तियों के खिलाफ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल अनाज मंडी से किसानों की फसल की पेमेंट का करीब 12 करोड़ रुपये लेकर भागने के मामले को लेकर किसानों ने जवाहर पार्क में एकत्रित होकर रोष जताया। साथ ही, उन्होंने आगामी रणनीति भी तैयार की। इसके बाद सभी किसान भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी से मिलने पहुंचे। जिला अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि जल्द ही उनकी पेमेंट दिला दी जाएगी। साथ ही किसानों ने पांच सदस्यीय कमेटी बनाई, जिसमें किसान दलबीर प्यौदा, रामनिवास चहल, ताराचंद, रणधीर व भोपाल डोहर शामिल हैं। अब यह कमेटी गांव-गांव जाकर लोगों से अपील करेगी कि अगर किसानों को उनका पैसा नहीं मिला तो ग्रामीण आगामी दिनों में होने वाले प्रदर्शन में शामिल होकर किसानों का साथ दें। गौरतलब है कि कैथल में दो आढ़ती व एक मिल मालिक किसानों की फसल की पेमेंट का करीब 12 करोड़ रुपये लेकर फरार हो गए हैं। आरोपी आढ़तियों ने किसानों को पेमेंट करने के लिए अपनी दुकान पर बुलाया था, लेकिन वे खुद वहां नहीं पहुंचे और भाग गए।

### भाजपा जिला अध्यक्ष ने दिया पेमेंट दिलवाने का आश्वासन



कैथल। रोष जताते भाकियू नेता और किसान। फोटो :हरिभूमि

इस संबंध में किसानों ने दुकान के सामने प्रदर्शन भी किया। फिलहाल नगर थाने में मामला दर्ज कर पुलिस भी मामले की जांच कर रही है। दोनों सीजन की फसल बेचीः गौरतलब है कि कई गांवों के किसानों ने केशव ट्रेडिंग कंपनी व देवीदयाल रजत कुमार को अपनी दोनों सीजन की फसल बेच रखी है। फर्म मालिक शीशपाल उर्फ माकड़ व ऋषिपाल उर्फ कालू हैं। किसानों ने गेहूं उपरोक्त फर्म के मालिकों शीशपाल व ऋषिपाल के कहने पर सांवरिया राइस ग्रेन मिल चंदाना में बेची थी। मिल का मालिक प्रवीण खुरानिया है। अन्य कई गांवों के किसानों ने भी फर्म के आढ़तियों के कहने पर सांवरिया राइस ग्रेन मिल में गेहूं की फसल बेची है। आढ़ती शीशपाल व ऋषिपाल ने उसे 22 अप्रैल को पैसे लेने बुलाया था। किसान जब केशव ट्रेडिंग कंपनी व देवीदयाल, रजत कुमार की दुकान पर पैसे लेने अनाज मंडी कैथल पर पहुंचे तो उनको दुकान पर कोई नहीं मिला।

**जल्द मुख्यमंत्री से मिलेंगे**

फोन किया तो वे भी बंद मिले। शीशपाल व ऋषिपाल के घर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कैथल में पहुंचे तो घर पर ताला लगा हुआ मिला। सांवरिया राइस मिल पर गए वहां पर कोई गेहूं की फसल नहीं मिली और गार्ड के अलावा कोई व्यक्ति हाजिर नहीं मिला। किसानों का कहना है कि अब वे जल्द मामले को लेकर सीएम से भी मिलेंगे।

# सीवर सिस्टम ठप, लोग परेशान

- जनस्वास्थ्य विभाग तथा नप ने एक दूसरे के पाले मे डाली गेंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इम्पलॉयज कालोनी में सीवर सिस्टम ठप होने से आसपास के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आसपास के लोगों ने जनस्वास्थ्य तथा नगर परिषद को शिकायत भी दी लेकिन समस्या का समाधान करने की बजाय गेंद एक दूसरे के पाले मे डाल कर पल्लू झाड़ लिया। कालोनी के राकेश, धर्मेंद्र, राधेश्याम, सावन ने बताया कि हीरो एजेंसी के निकट सीवर सिस्टम काफी दिनों से ठप पडा है। गंदा पानी दरवाजों तथा सड़क पर खड़ा हो रहा है। गंदे पानी की बदबू से बाहर बैठना दूभर हो गया है। सड़क पर खड़े गंदे पानी से गुजरने वाले वाहन के छींटे उनके ऊपर गिरते हैं। गंदे पानी की निकासी को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग को शिकायत की गई तो उन्होंने नगर परिषद जाने को कहा गया। जब नप पहुंचे तो सीवरेज सिस्टम का दुरूस्त करने का जनस्वास्थ्य का कार्य कह कर अपना पल्ला झाड़ लिया। अब सिस्टम को न तो जनस्वाथ्य विभाग ठीक कर रहा है और न ही नगर परिषद। उन्होंने जिला अधिकारियो से अपील की कि वे जनसमस्या को देखते उसका समाधान करवाए।



जींद। फेल सीवर सिस्टम को दिखाते कालोनीवासी। फोटो :हरिभूमि



जींद। आसमान में छाई धूल। फोटो :हरिभूमि

### आंशिक बादल व जमा धूल के साथ मौसम ने ली करवट

**जींद।** भीषण गर्मी के बीच सोमवार दोपहर बाद मौसम ने करवट ली। जिसके चलते आकाश में आंशिक बादलों के साथ धूल जमा दिखाई दी। जिसके चलते धूल भरी हवा चलने के आसार बन गए। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों के दौरान बादलवाई के साथ बूंदाबांदी की संभावना है। जिससे तापमान में भी गिरावट आएगी। मंडियों में खुले आसमां तले लाखों क्विंटल गेहूं पडा हुआ है। ऐसे हालात में मौसम खराब होता है तो नुकसानदायक होगा। सोमवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 22 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 22 प्रतिशत तथा हवा की गति आठ किलोमीटर प्रतिघंटा दर्ज की गई।

### पराली न जलाएं किसान अपनाएं प्रबंधन तकनीके

**जींद।** रबी सीजन के दौरान जिले की मंडियों में गेहूं की खरीद सुचारू रूप से चल रही है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि किसानों की सुविधा प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार द्वारा जारी दिशा.निर्देशों के अनुरूप किसानों से उनकी उपज तय मानकों पर खरीदी जा रही है तथा उनके हितों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। उपायुक्त ने सभी खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को उनकी उपज का भुगतान समय पर किया जाएए ताकि किसानों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। साथ ही मंडियों से शीघ्रता से गेहूं उठान का कार्य पूरा करने पर भी बल दिया गया है ताकि नई फसल के भंडारण हेतु पर्याप्त स्थान उपलब्ध रहे।

# मां-बेटी से गैंगरेप तथा मासूम बेटी के हत्यारोपित भेजे जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मां तथा उसकी मासूम बेटी से गैंगरेप करने के बाद बालिका की हत्या करने के तीनों आरोपितों की रिमांड अवधि समाप्त होने पर सोमवार का अदालत में पेश किया। जहां से अदालत ने आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। रिमांड के दौरान पुलिस ने आरोपितों से घटना स्थल की निशानदेही करवाई तथा उस कंबल को भी बरामद किया है। जिसमें बालिका को लपेट कर ले जाया गया था।

पहले मां से गैंगरेप, फिर मासूम बेटी से गैंगरेप, कर दी हत्या

पुलिस छानबीन में सामने आया कि जब महिला से चोरों आरोपित गैंग रेप कर रहे थे तो उसकी पांच वर्षीय बेटी भी मौक पर आ गई थी। जिसके बाद वह वापस झोपड़ी में जाकर सो गई। महिला के बेसुध होने पर आरोपित शिवा झोपड़ी में पहुंचा और कंबल मे लपेट उसे कूड़े के ढेर के पास ले गया। जहां पर जुनायल समेत तीन आरोपितों ने उसके साथ गैंगरेप किया। उसी दौरान बालिका पीड़ा के चलते बेसुध हो गई। भंडा फूटने के भय के चलते आरोपितों ने उसका गला दबा कर हत्या कर दी थी। वारदात के बाद आरोपित बालिका के शव को झोपड़ी में चारपाई पर डाल उपर कंबल डाल कर फरार हो गए थे।

# प्लास्टिक की टंकियां बनाने की फैक्ट्री में लगी आग से लाखों का सामान जला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर के जींद रोड पर रविवार देर रात प्लास्टिक की टंकियां बनाने की एक फैक्ट्री में आग लग गई, जिससे फैक्ट्री में रखा करीब पांच लाख रुपये का सामान नष्ट हो गया। यहां तक कि फैक्ट्री की छत पर लगी शेड भी जल गई और नीचे गिर गई। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं लग पाया है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग व डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंचे दमकल विभाग के फायरमैन राजेंद्र सिंह ने बताया कि रात को करीब 12 बजे उनको सूचना मिली कि जींद रोड पर टंकियों की फैक्ट्री में आग लगी है। वे अपनी टीम और गाड़ियां लेकर मौके पर पहुंच गए। यहां देखा तो आग ज्यादा थी। ऐसे में ढांड, कलायत, राजौंद व कैथल से फायर विभाग की गाड़ी बुलाई गई और आग बुझाई। वहीं मौके पर दो गाड़ियों को रखा गया ताकि आग दोबारा न सुलग सके। यह फैक्ट्री अजय नामक व्यक्ति की है। उसने आग लगते ही फायर विभाग को सूचना दे दी। देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप ले लिया और सारा सामान जल गया। गनीमत रही कि उस समय फैक्ट्री में कोई मजदूर नहीं था, नहीं तो जान का नुकसान भी हो सकता था। फायरमैन राजेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी टीमें भी गाड़ियों के साथ मौके पर तैनात हैं। आग को बुझाने के बाद भी उसमें से धुआं निकल रहा है। ऐसे में कर्मचारियों को कहा गया है कि वे यहीं रहें, ताकि दोबारा आग लगी तो उसको बुझाया जा सके।



# दो मामलों में 30.220 किलोग्राम चुरा पोस्त तथा 5.33 ग्राम हेरोइन बरामद

- सीआईए-1 पुलिस को मिली थी विश्वसनीय सुत्रों से जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसते दो मामलों में 2 नशा तस्करों को काबू कर 30.220 किलो चुरा पोस्त तथा 5.33 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 पुलिस के एएसआई कमलजीत की टीम रात्रिकालीन गश्त दौरान सीवन क्षेत्र मौजूद थी। जहां पुलिस पार्टी को एक गुप्त सूचना मिली की गांव सीरटा निवासी मोनु कुमार आस पास के क्षेत्र में नशीला पदार्थ बेचने का काम करता हैं जो आज भी बाइक पर सवार होकर इसी रास्ते से चीका जाने वाला हैं। सूचना विश्वसनीय होने कारण पुलिस टीम द्वारा नाकाबंदी करके वाहनों की निगरानी शुरू की गई। कुछ समय बाद चीका की तरफ से एक बाइक सवार आता हुआ दिखाई दिया, जिसको बाइक रोकने का इशारा कर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध को बाइक सहित काबू कर लिया गया। जिसकी पहचान गांव सिरटा निवासी मोनू के रूप में हुई। पुलिस सुचना उपरांत मौके पर पहुंचे डीएसपी गुहला कुलदीप बेनीवाल व नायब तहसीलदार गुहला बंसीलाल बांगड़ के समक्ष नियमानुसार ली गई।

### पहले ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि थी 25 अप्रैल

# आरटीईः अब तीस तक आवेदन का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

निःशुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत जरूरतमंद विद्यार्थियों को मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि अब 30 अप्रैल कर दी गई है। पहले ऑनलाइन आवेदन की तिथि 25 अप्रैल तक थी। मौलिक शिक्षा हरियाणा के निदेशालय ने तीसरी बार ऑनलाइन आवेदन की तारीख बढ़ाई है। शुरूआत में पहले ऑनलाइन आवेदन की तिथि 15 अप्रैल से लेकर 19 अप्रैल थी। जिसे दूसरी बार बढ़ाकर 25 अप्रैल तक कर दिया गया था। अब ऑनलाइन आवेदन की तारीख 25 से बढ़ाकर 30 अप्रैल तक कर दी गई है। जिन अभिभावकों ने 19 अप्रैल तक दाखिले के लिए आवेदन किया हैं, उन्हें दोबारा से फार्म में संशोधन करते हुए दोबारा से फार्म सबमिट करना होगा, नहीं तो उनका आवेदन पोर्टल पर रद्द माना जाएगा। जिस मान्यता प्राप्त प्राइवेट विद्यालय के पास 25 प्रतिशत सीटों से अधिक ऑनलाइन दाखिले फार्म प्राप्त होंगे तो जिला स्तरीय कमेटी अभिभावकों की उपस्थिति में ड्रा निकालना सुनिश्चित करेंगे। जिले के विभिन्न स्कूलों ने आरटीई के तहत नर्सरीए एलकेजी और यूकेजी कक्ष में कुल 2341 सीट दर्शाई हैं। इसमें से नर्सरी कक्षा में 1908, एलकेजी कक्षा में 40ए यूकेजी कक्षा में 60 और ग्रेड.1 में 324 सीट शामिल हैं। अधिक जानकारी के लिए अभिभावक विभागीय वेबसाइट पर संपर्क कर सकते हैं। वहीं किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 0172-5049801 पर सुबह नौ बजे से लेकर शाम पांच बजे तक सभी कार्य दिवस के दौरान संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा जिन मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में बच्चे वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में पहले से पढ़ रहे हैं वे स्कूल उन विद्यार्थियों को अगली कक्षा में अपग्रेड करेंगे। आरटीई के तहत निजी स्कूलों में जरूरतमंद विद्यार्थियों के दाखिले केवल नर्सरी, केजी और प्रथम कक्षा में दिए जाएंगे।

**अब 30 अप्रैल तक हो सकेंगे आवेदन**

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा ने बताया कि पहले आवेदन की अंतिम तिथि 25 अप्रैल थी। आवेदन की अवधि समाप्त होने के बाद जिस मान्यता प्राप्त प्राइवेट विद्यालय के पास 25% सीटों से अधिक ऑनलाइन दाखिले फ ार्म प्राप्त होंगे तो जिला स्तरीय कमेटी अभिभावको की उपस्थिति में ड्रा निकालना सुनिश्चित करेंगे। आरटीई के तहत निजी स्कूलों में आवेदन की अंतिम तारीख को बढ़ा दिया गया है। अब अभिभावक 30 तक दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।



सीवन। पनप रही अवैध कालोनियों को ढहाती जेसीबी मशीन। फोटो :हरिभूमि

### पनप रही अवैध कालोनी में चला डीटीपी का पीला पंजा

**कैथल।** जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने बताया कि शहरी क्षेत्र सीवन की राजस्व सम्पदा सीवन में एक अवैध कालोनी में सड़क नेटवर्क, सीवरेज नेटवर्क, कर्मिशयल स्ट्रक्चर, चार डीपीसी को जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्यवाही गई। इस कार्रवाई के दौरान वे स्वयं बतौर डयूटी मैजिस्ट्रेट तैनात रहे। डीटीपी कार्यालय का अमला पुलिस बलके साथ अवैध निर्माण को गिराने के लिए स्थल पर पहुंचा और नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई गई। उन्होंने बताया कि कार्यालय के संज्ञान में शहरी क्षेत्र सीवन की राजस्व सम्पदा सीवन में अवैध रूप से पनप रही कालोनी का मामला आया था, जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा भूस्वामियों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके निर्माण विकसित करने के लिए जरूरी अनुमति प्राप्त करने वाले आदेश दिए।



स्पेशलः वर्ल्ड लाफ्टर-डे
4 मई

जिंदगी की इस आपा-धापी में हम हंसना भूलते जा रहे हैं, जबकि हेल्दी लाइफ के लिए हंसना बहुत जरूरी है। इस बात की पुष्टि कई शोध भी करते हैं। इसलिए नई-नई वजहों से खुलकर, जमकर हंसते रहिए, साथ ही दूसरों को भी हंसाते रहिए।

# खुलकर हंसें-हंसाएं जिंदगी में बहार लाएं

कवर स्टोरी

चेतना झा

सच कहा जाता है, 'लाफ्टर इज द बेस्ट थेरेपी'। हंसने से बड़ी कोई दवा नहीं। लाखों के कपड़े-गहने पहन लें या दुनिया के बेस्ट प्रोडक्ट से मेकअप कर लें, तस्वीर तो तभी अच्छी आएगी जब आप 'स्माइल प्लीज' कहने पर मुस्कुरा देंगी। 'हंसता हुआ नूरानी चेहरा...' जैसे फिल्मी गीत यों ही नहीं बने हैं। छोटी-सी मुस्कुराहट चेहरे पर चार चांद लगा देती है। किसी की हंसी-मुस्कान कभी पहली नजर में भा जाती है, जीवन भर के साथी बन जाते हैं, तो किसी का संबल भी बनती है। कुदरत का यह तोहफा नायाब है। जब हम आज की व्यस्त दिनचर्या में अपनी हंसी खोते जा रहे हैं तो इसकी अहमियत को समझें, सजग हों कि हंसना जरूरी है। आज दुनिया भर में हंसने के बहाने ढूंढ़े जा रहे हैं। हंसना जरूरी न समझा जाता तो हर साल 'वर्ल्ड लाफ्टर-डे' क्यों मनाया जाता? आज तो हंसने-हंसाने के लिए जगह-जगह लाफ्टर क्लब खुल चुके हैं, लोग यहां आकर एक साथ हंसते हैं, अपना मेंटल स्ट्रेस कम करते हैं। अपने भीतर खुशियां समेटते हैं।

**शुरू हुई मेडिकल क्लाउनिंगः** हंसने के फायदे इसी से समझे जा सकते हैं कि मेडिकल क्लाउनिंग जैसे प्रोफेशन अब शुरू हो गए। इस प्रोफेशन को अपनाने वाले लोग अस्पतालों में या स्वयं क्लीनिक खोलकर असाध्य रोगों से जूझ रहे लोगों के होंठों पर मुस्कान लाने का प्रयास करते हैं। विभिन्न शोधों से मालूम हो चुका है कि ऐसे प्रयास किसी दवा से कम कारगर नहीं होते बल्कि यह कहिए कि दवाएं तभी काम करती हैं, जब चेहरे पर हंसी हो। दरअसल, हंसी हमारे भीतर सकारात्मक भाव पैदा करती है, इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। कई शोधों से यह पता चला है कि हंसने से शरीर में एंडोर्फिन नामक हार्मोन बनता है, जो हमारा मूड हैप्पी रखता है। हम



अपने आपको तरोताजा महसूस करते हैं। यह हार्मोन हमें सुखद एहसास और पॉजिटिव थिंकिंग देता है।

**हंसी को न बनाइए दुर्लभः** हंसना हमारे लिए बहुत फायदेमंद है। इसीलिए अब लोग लाफ्टर क्लब के सदस्य बनने लगे हैं, लोग पार्क में एकत्र होकर हंसते हैं, लेकिन यहां यह भी सवाल उठता है कि क्या हंसी इतनी दुर्लभ हो गई है कि इसके लिए हमें बनावटी तरीके अपनाने पड़ें। हंसने के लिए हमें सहज तरीके अपनाने चाहिए ताकि हम सचमुच हंसें। हंसने के लिए हमें अपने आस-पास के लोगों की बातों पर हंसने की वजह खोजनी चाहिए। आमतौर पर हम हंसना-हंसाना दोस्तों-सहेलियों या फिर देवर-भाभी, जीजा-साली जैसे रिश्तों के बीच हुई बातें मानते हैं, लेकिन सिर्फ इनसे ही नहीं, आप अपने पति, बच्चों और बुजुर्ग माता-पिता के साथ भी मजेदार बातें करें, सबके साथ हंसिए। परिवार के सदस्यों के साथ हंसना आपके रिश्तों में मिठास घोलेगा, इससे आपके रिश्ते गहरे भी होंगे।



**बेस्ट एंटी एजिंग फॉर्मूलाः** अगर आप यह कॉम्प्लिमेंट पाना चाहती हैं, 'आपकी स्किन से आपकी उम्र का पता ही नहीं चलता,' तो किसी साबुन या क्रीम से ज्यादा अपनी हंसी पर भरोसा कीजिए। इसमें कोई दो राय नहीं कि हंसने से चेहरे की मांसपेशियों की बेहतरीन एक्सरसाइज होती है। इससे चेहरे पर झुर्रियां जल्दी नहीं पड़तीं। हंसने के दौरान हम गहरी सांस लेते और छोड़ते हैं, इस कारण शरीर में ऑक्सीजन का संचार बेहतर होता है। यही कारण है कि हंसने-हंसाने वाली महिलाएं न केवल अधिक जवां दिखती हैं, ऊर्जावान भी रहती हैं, तो एंटी एजिंग प्रोडक्ट्स पर पैसे बहाने की बजाए, बस हंसी पर ऐतबार कीजिए और हमेशा जिंदादिल, जवां रहें।

**ध्यान कीजिए पिछली बार कब खुलकर हंसी थींः** आज की लाइफस्टाइल में हंसना-हंसाना बहुत बड़ी बात हो गई है।



हास्य कलाकारों या कवियों के पारिश्रमिक कई बार आपको चौंका सकते हैं। यह और बात है कि ऊंचा पेमेंट लेकर भी कई बार वे घिसी-पिटी हास्य कविताएं या जोक सुनाते हैं। हंसाने के लिए टीवी पर कई कॉमेडी शोज भी आते हैं। इनकी टीआरपी बहुत अच्छी होती है। असल में यह सारी मशक्कत इसलिए है कि हम हंसना अब भूलते जा रहे हैं। बड़ी-से-बड़ी किसी हंसी वाली बात पर भी बस हल्के से मुस्कुरा देना,हमारी आदत-सी बन गई है। यकीन न हो तो खुद ही याद कीजिए कि पिछली बार आप कब खुलकर हंसी थीं?

**ड्रामा नहीं, कॉमेडी देखिएः** पिछले दिनों यूनिवर्सिटी ऑफ मेरीलैंड में एक शोध किया गया। जिन लोगों पर यह शोध किया गया, उन्हें दो ग्रुप में बांटा गया। पहले ग्रुप को कॉमेडी दिखाई गई तो दूसरे को थोड़ा तनाव देने वाला ड्रामा दिखाया गया। परिणाम में देखा गया कि जिस ग्रुप को कॉमेडी दिखा कर हंसाया गया, उनका रक्त संचार दूसरे ग्रुप से बेहतर था। इसलिए टीवी पर सास-बहू या अपराध से जुड़े सीरियल देखने से कहीं बेहतर है, आप हेल्दी कॉमेडी शोज को देखें।

**दर्द हो जाएगा उड़न-छूः** यकीनन आपकी जिंदगी में भी कई ऐसे लोग होंगे, जिनकी हंसी-ठिठोली देखकर आपके सारे गम उड़न-छू हो जाते होंगे। काम से थक कर वापस आने पर जीवन साथी या बच्चों की हंसी और बूढ़े माता-पिता की मुस्कान एक सुकून देती है। इनकी वजह से ही हम कुछ देर के लिए सारे दुख-दर्द भूल जाते हैं। कई शोध में पाया गया है कि स्पोंडिलाइटिस या कमर, रीढ़ के असहनीय दर्द को दूर भगाने में लाफ्टर थेरेपी बहुत कारगर साबित हुई है। इसीलिए लाफ्टर थेरेपी को मानने वालों का नारा है, 'दस मिनट ठहाके लगाइए और घंटे भर दर्द से दूर रहिए।'

हम देखते हैं कि इस भागम-भाग भरी जिंदगी में हम अकसर भौतिक संसाधन बटोर कर खुश रहने का प्रयास करते हैं, लेकिन सच तो यह है हम अपना सुकून खो रहे हैं। तो इस लाफ्टर-डे पर अपने आपसे प्रॉमिस कीजिए कि हंसने-हंसाने के नए-नए बहाने खोजेंगे, खुलकर खुद हंसेंगे और दूसरों को भी हंसाएंगे।



मिड एज में आते ही कुछ महिलाओं को लगता है, जीवन बहुत जी लिया, अब कुछ नया करने की उम्र नहीं है। उम्र के किसी भी पड़ाव पर आप बहुत कुछ नया कर सकती हैं, बस हमेशा उत्साह-उमंग से भरे रहिए, आपकी हर आकांक्षा पूरी होगी।

# मिड एज में भी जिंदगी लगेगी खूबसूरत

बी पॉजिटिव

शिखर चंद जैन

यही 40-45 की उम्र में आते ही कुछ महिलाएं जिंदगी में एक ठहराव महसूस करने लगती हैं। उन्हें लगता है, बस अब जिंदगी की रफ्तार थम गई है। अब कुछ नया करने को नहीं है। ऐसी महिलाओं में जिंदगी के प्रति कोई उत्साह-उमंग नहीं रहता। इस तरह की नेगेटिव सोच सही नहीं है। हमें यह समझना चाहिए, जिंदगी का हर दिन नया है। चाहे मिड एज हो या ओल्ड, नएपन, निखार, सुधार, तरक्की, उत्साह-उमंग और सफलता की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। बस जिंदगी के प्रति हमारा नजरिया उत्साहपूर्ण और पॉजिटिव होना चाहिए।



**जीवन जितना है, बहुत हैः** मिड एज में आते ही बहुत-सी महिलाएं सोचती हैं, 'अब जिंदगी बची ही कितनी है, जो कुछ नया शुरू किया जाए।' इस तरह की नेगेटिव सोच आपको उत्साह-उमंग भरी जिंदगी जीने से रोकती है। हमेशा यही सोचना चाहिए कि अभी तो हमारे सामने जीवन जीने के लिए लंबा समय है, बहुत कुछ करना बाकी है। जीवन जितना है, बहुत है। इसलिए उम्र के किसी भी पड़ाव पर नए सपने देखिए और इन्हें पूरा कीजिए, इससे आप हमेशा जीवंत रहेंगी। जिंदगी बहुत प्यारी-सी लगेगी।

**सोशल एक्टिविटीज बोझ नहींः** कई महिलाएं उम्र का हवाला देकर सोशल एक्टिविटीज से बचती हैं। उन्हें लगता है कि यह सब फालतू काम हैं, इनमें समय की बर्बादी होती है। यह सोच गलत है। सोशल एक्टिविटीज न सिर्फ हमारा मन स्वस्थ रखती हैं बल्कि इससे हमारा सामाजिक दायरा, मित्रता और लोगों से घनिष्ठता भी बढ़ती है। मिड लाइफ तो विशेष रूप से सोशल एक्टिविटीज में इंवॉल्व होने का सही समय है। इससे आपका अपना एक सपोर्ट सिस्टम तैयार होता है।

**व्यर्थ की चिंताओं में न उलझेंः** 'मैंने शुरू से ऐसा किया होता तो अच्छा होता', 'मैंने वैसे क्यों नहीं किया?', इस तरह की बातें व्यर्थ की चिंताएं हैं। जो बीत गई, सो बात गई, बीता समय कभी लौटकर नहीं आ सकता। इसलिए व्यर्थ की चिंताओं से मुक्त होकर जिंदगी जिएं। जीवन को सरसता और सहजता से जिएं। चिंताओं के बजाय आगे की जिंदगी के लक्ष्य तय करके, इन्हें पूरा करने में लग जाएं। आपको जिंदगी खूबसूरत लगेगी।

**कुछ सार्थक करेंः** अगर इन दिनों आपके पास कुछ अतिरिक्त समय है, तो इसे किसी सार्थक काम में लगाएं। इसे सोशल नेटवर्क बढ़ाने, नई स्किल सीखने, मोटिवेशनल बुक्स पढ़ने, तन-मन की सेहत संभालने-संवारने में इस्तेमाल करें। आप चाहें तो बागवानी करें, पर्यटन के लिए निकलें। जीवन में नयापन चाहिए तो हर रोज नए-नए लोगों से मिलें।

**कुछ ऐसा करें जो आत्मसंतुष्टि देः** जब हम अपने समाज और देश हित के लिए कुछ करते हैं तो हमें एक आत्मसंतुष्टि महसूस होती है। इसलिए अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाने के बाद अब आपको देश-समाज के लिए भी कुछ ऐसा करना चाहिए, जिसे करके आपको आत्मसंतुष्टि मिले, गर्व महसूस हो। गरीब बच्चों को मुफ्त में पढ़ाएं, उनके लिए कॉपी-किताब उपलब्ध कराएं। निरक्षर या वृद्ध लोगों के लिए सरकारी या बैंक संबंधी कार्य का निष्पादन करने में उनकी मदद करें, इससे आपको खुशी मिलेगी।

स्पेशलः इंटरनेशनल डांस डे, 29 अप्रैल

डांस एक ऐसी एक्टिविटी है, जो शरीर ही नहीं मन के मोर्चे पर भी बदलाव लाती है। सोशल फ्रंट पर जुड़ाव को इंस्पायर करती है। यही वजह है कि हमारे यहां पर्व और खुशी के हर अवसर पर नृत्य करने की परंपरा रही है। आइए, हम भी इसे अपने जीवन में शामिल कर, इसे उल्लास से भर दें।

# हेल्थ-सोशल बॉन्डिंग से जुड़ा आर्ट ऑफ डांस

लाइफस्टाइल

चैतन्या

नृत्य कला में संस्कृति के रंग ही नहीं, स्वास्थ्य से जुड़े फायदे भी निहित हैं। नृत्य करने से मन उल्लासित और शरीर सक्रिय रहता है। इसे करने से मन-जीवन को खुशहाल रखने वाले हार्मोंस स्रावित होते हैं। आलस दूर भागता है। चेहरे की भाव-भंगिमाओं से लेकर शरीर की लचक तक, नृत्य के अनगिनत लाभ हैं। सबसे अहम यह है कि नृत्य की उमंग संग होने वाले सेलिब्रेशंस में महिलाओं की भूमिका सबसे मुखर होती है। इसीलिए स्वास्थ्य सहेजने की बात हो या खुशियां मनाने की, डांस को अपने जीवन में जरूर जगह दीजिए। समय मिले तो अपनी पसंद की किसी नृत्य विधा को सीखिए। देश के जिस हिस्से से भी जुड़ी हैं, वहां के परंपरागत नृत्य की थाती को सहेजने में रुचि लीजिए। यह जुड़ाव आपके अपने जीवन को उल्लासित बनाए रखेगा।



**मन-मस्तिष्क रहते हैं स्वस्थः** नृत्य मनोभावों की अभिव्यक्ति का प्रभावी माध्यम है। यह कला सदा से ही अपने आपको एक्सप्रेस करने का सबसे सुंदर तरीका रही है। यही वजह है कि यह आर्ट, सीधे-सीधे मन-मस्तिष्क की बेहतरी से जुड़ी है। डांस करने से तनाव और अवसाद जैसी कई बीमारियों का खतरा कम होता है। मन तरोताजा रहता है। याददाश्त अच्छी होती है। नियमित डांस करने से दिमाग सजग रहता है। न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन का अध्ययन बताता है कि डांस करने से डिमेंशिया होने की संभावना कम हो जाती है। नए-नए स्टेप्स सीखना और नृत्य करने की आदत से मस्तिष्क सही और समय पर प्रतिक्रिया देने को लेकर सचेत रहता है। स्मार्ट गैजेट्स के इस दौर में जब दिमाग छोटी-छोटी बातें भूलने लगा है, डांस की एक्टिविटी फोकस बढ़ाने में मददगार बन सकती है। असल में शारीरिक संतुलन और सही भावाभिव्यक्ति को साधने से जुड़ी यह गतिविधि दिमाग को फोकस्ड रहना सिखाती है। इतना ही नहीं डांस करने से मूड भी अच्छा रहता है। यह मनःस्थिति उदासी और डिप्रेशन के घेरे से बचाती है। डांस एक ऐसी एक्टिविटी है, जिसे मिल-जुलकर ही नहीं अकेले भी किया जा सकता है। यही कारण है कि नृत्य में रुचि रखने वाले लोगों को अकेलापन भी नहीं घेरता।

**शारीरिक फिटनेस में सहायकः** शारीरिक सक्रियता के लिए नृत्य एक बेहतरीन एक्टिविटी है। इसीलिए कसरत करने के लिए भी डांस आर्ट से जुड़ा जा सकता है। यह कला ना सिर्फ फिजिकल फिटनेस में मदद करती है बल्कि शरीर को एजिंग से भी दूर रखती है। मोटापे की समस्या से जूझने और वजन घटाने के लिए एक्सरसाइज के रूप में डांस करना एक बेहतरीन विकल्प है। डांस करने से कैलोरीज तो बर्न होती ही हैं, मन भी खुश रहता है। इसके चलते शरीर को खुशी बढ़ाने वाले हार्मोंस मिलते हैं। नींद अच्छी आती है। ऐसे बातें भी अप्रत्यक्ष रूप से वजन कम करने में मददगार बनती हैं। डांस करने से स्टेमिना भी बढ़ता है। हेल्दी और एक्टिव लाइफस्टाइल को बढ़ावा मिलता है। हर ओर से चिंताओं में घिरी जिंदगी के इस दौर में नृत्य कला से जुड़ाव मन को स्थिर रखने में भी मदद करता है। शरीर की थिरकन समग्र जीवन को उमंग की सौगात देती है।

**सामाजिकता-आत्मविश्वास को बलः** नवरात्र में मिलकर गरबा करने की बात हो या लोहड़ी पर भांगड़ा-गिद्दा नृत्य की धूम। शादी-ब्याह की रौनक में थिरकने का उल्लास हो या परंपरागत नृत्य शैली को साधने की यात्रा। नृत्य, सामाजिकता मेल-जोल बढ़ाने और आत्मविश्वास को बल देने वाली कला है। खास धुन और खास अवसर पर मिलकर झूमने-थिरकने से आपसी जुड़ाव बढ़ता है। त्योहार हो या सामाजिक-पारिवारिक आयोजन, डांस करने से हर मौके की रौनक बढ़ जाती है। अध्ययन भी बताते हैं कि खुद को अभिव्यक्त करने की यह कला इंसान को नकारात्मक भावना से दूर रखती है। सामाजिक जुड़ाव और आपसी संवाद मानसिक और शारीरिक सेहत पर असर डालने वाले महत्वपूर्ण फैक्टर्स हैं। इसलिए अपनी जिंदगी में डांस को जरूर शामिल कीजिए।

मेकअप


सरिता गुप्ता

# गर्मियों के लिए परफेक्ट मैटलुक मेकअप

गर्मी के दिनों में नॉर्मल मेकअप अच्छा नहीं लगता है। इस मौसम में नेचुरल और मैटलुक मेकअप ही इंप्रेसिव लगता है। मिनिमल मेकअप से आपके फीचर्स शार्प और स्किन नेचुरल, फ्रेश और ग्लोइंग नजर आती है। अगर आपका फेस ऑयली है तो इस सीजन में आप मैटलुक मेकअप करें, क्योंकि इससे आपको प्यारा-सा लुक और स्मूद टेक्सचर मिलता है।

**क्लीनिंगः** सबसे पहले अपने चेहरे को क्लीन करें। इससे मेकअप में फिनिशिंग लुक परफेक्ट आएगा और यह लॉन्ग लास्टिंग भी बना रहेगा। फेस को धोने के लिए आप फेसवॉश से चेहरे को साफ करें और फिर बर्फ के टुकड़े से मसाज करें। चेहरा साफ करने के बाद सनस्क्रीन लगाएं।

**जरूरी है प्राइमरः** कभी-कभी स्किन पर रेडनेस, डलनेस और अनइवन स्किन टोन जैसी समस्याएं आ जाती हैं। इसलिए हमेशा मेकअप से पहले प्राइमर यूज करना सही रहता है। प्राइमर के इस्तेमाल से मेकअप आपकी स्किन के पोर्स के अंदर नहीं जाता और साथ ही मेकअप प्रोडक्ट्स को एक चिकना बेस देने में मदद करता है। प्राइमर, मेकअप को लॉन्ग लास्टिंग भी बनाता है।



**फाउंडेशनः** मैटलुक मेकअप के लिए वाटर बेस्ड फाउंडेशन का ही चयन करें। वाटर बेस्ड फाउंडेशन की एक मोटी परत लगा कर इसे स्पंज की मदद से स्मूद फिनिश दें और इसे धीरे-धीरे ब्लेंड करें।

**कंसीलर-ब्रांजरः** कंसीलर से अपने चेहरे के दाग-धब्बों और डार्क सर्कल को छुपाने के लिए आपको फाउंडेशन से मैच करता हुआ शेड ही लगाना चाहिए। इसके साथ ब्रांजर का यूज आपके मैटलुक को नेचुरल दिखाता है। लेकिन ध्यान रखें कि इसको ज्यादा मात्रा में यूज ना करें। ब्रांजर को माथे के ऊपरी हिस्से, चीक बोंस और चिन पर लगा सकती हैं।

**लूज पावडरः** फाउंडेशन लगाने के बाद मेकअप को सेट करने के लिए कांपैक्ट फेस पावडर की बजाय हमेशा लूज पावडर का इस्तेमाल करें।

**मैट ब्लशः** कोरल-पिंक मैट ब्लश का यूज करके आप अपने गालों को हाईलाइट कर सकती हैं। मैट ब्लश को हमेशा ब्रश की मदद से ही अप्लाई करें।

**आईशैडोः** मैट फिनिश लुक के लिए न्यूड शेड वाले मैट आईशैडो का यूज करें। आप अपने आउटफिट से मैच करता हुआ आईशैडो का कलर भी चुन सकती हैं।

**मैट लिपस्टिकः** मैटलुक के लिए आप लिक्विड लिपस्टिक का यूज करें।

**(मेकअप आर्टिस्ट कोमल चौधरी से बातचीत पर आधारित)**

बच्चे और आप

रजनी अरोड़ा

आप जरूर चाहती होंगी, आपके बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास सही ढंग से हो, उसका व्यक्तित्व प्रभावशाली हो, जीवन हमेशा खुशहाल रहे। इसके लिए आपको बच्चे की परवरिश में कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना होगा।

# परवरिश का होगा यह तरीका बच्चों का होगा खुशहाल जीवन

हर माता-पिता की ख्वाहिश होती है, उनका बच्चा स्वस्थ और खुश रहे। उसके व्यक्तित्व का सही ढंग से विकास हो। इसके लिए वे पूरी तरह प्रयासरत भी रहते हैं। लेकिन खुशी केवल बाहरी कारकों से नहीं आती, यह बच्चे की मनःस्थिति, सकारात्मक सोच, स्वस्थ जीवनशैली और अच्छे सामाजिक संबंधों पर निर्भर करती है। खुशी एक कौशल है, जिसे सही आदतों और दृष्टिकोण से विकसित किया जा सकता है। यह संभव है, बच्चे की अच्छी परवरिश से। विशेषज्ञ मानते हैं कि बच्चों की परवरिश केवल उनकी भौतिक आवश्यकताओं को पूरा करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। बच्चों में सही मानसिकता, भावनात्मक स्थिरता और सकारात्मक सोच विकसित करना भी जरूरी है। रोजमर्रा की अच्छी आदतें बच्चों को न सिर्फ खुश रहने, बल्कि जीवनभर के लिए खुशहाल और आशावादी बनने में भी मदद करती हैं। जिनका ध्यान रखना पैरेंट्स के लिए बहुत जरूरी है।



**दें खुशहाल और सुरक्षित माहौलः** बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य आस-पास के वातावरण पर निर्भर करता है। अगर घर का माहौल सकारात्मक, सुरक्षित और प्रेम से भरा होगा, तो बच्चे में आत्मविश्वास बढ़ेगा, वे खुश भी रहेंगे। इसलिए परिवार में आपसी तनाव या नकारात्मक भावों को खत्म कर हमेशा सकारात्मक माहौल बनाए रखें। बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं। यह एहसास कराएं कि वे आपके लिए अहम हैं। इससे बच्चे खुलकर अपनी बातें आपके सामने रखेंगे। आप भी उनकी समस्याओं का निवारण आसानी से कर सकेंगी।



**किताबें पढ़ने को बढ़ावा देंः** बच्चों को तरह-तरह की पुस्तकें पढ़ने की आदत डालें। सोचने और समझने की क्षमता विकसित होती है। आत्मिक संतुष्टि प्रदान करने के साथ खुशहाल जीवन बिताने की प्रेरणा प्रदान करती हैं। पसंदीदा किताबें पढ़कर सुनाएं और उन्हें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। हल्की-फुल्की कहानियां, कॉमिक बुक्स पढ़ने को दें। नैतिक शिक्षा पर आधारित किताबें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

**स्वस्थ सामाजिक रिश्ते बनाना सिखाएंः** बच्चे को मजबूत और प्रेमपूर्ण संबंध बनाना सिखाएं। सहानुभूति सिखाएं, जिससे वे दूसरों की भावनाओं को समझ सकें। अपनी टीमवर्क, दोस्तों, परिवार और शिक्षकों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखें। दूसरों की मदद करने की आदत बनाएं।

**सकारात्मक सोच को दें बढ़ावाः** बच्चों में सकारात्मक सोच को बढ़ावा दें, ताकि धैर्य रखकर वे बुरे वक्त में निराश न होकर सकारात्मक समाधान ढूंढ़ पाएं। बच्चों को सिखाएं कि हर समस्या का समाधान मुमकिन है। उनका आत्मविश्वास बढ़ाएं। 'मैं नहीं कर सकता' को 'मैं कोशिश करूंगा' में बदलने के लिए प्रेरित करें। पैरेंट्स बच्चों के सामने सकारात्मक बातें करें, जैसे- 'तुम कर सकते हो', 'अगली बार और बेहतर होगा।'

**खुद से प्यार करना सिखाएंः** हर बच्चा दूसरे से अलग होता है। व्यक्तिगत विशेषताओं और कार्यक्षमता को समझ कर विशिष्ट बनने के लिए प्रोत्साहित करें। उसकी क्षमताओं की सराहना करें। बच्चों की दूसरों से तुलना करने से बचें।

**करें प्रेरितः** रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने वाले बच्चे ज्यादा खुश और हेल्दी रहते हैं। उन्हे संगीत सुनने या वाद्य यंत्र बजाने के लिए प्रोत्साहित करें।

**(सर गंगाराम अस्पताल, दिल्ली के सीनियर साइकोलॉजिस्ट डॉ. इमरान नूरानी से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### अश्लील हरकत करने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सदर थाना नरवाना पुलिस ने घर में घुस कर बालिका के साथ अशील हरकत करने तथा धमकी देने के आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से अदालत ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सदर थाना नरवाना इलाका गांव की एक महिला ने गत 25 अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि रात उसकी दस वर्षीय बेटी अलग कमरे में सोई हुई थी।

### खेत से इन्वर्टर तथा बैट्री चोरी, केस दर्ज

**जींद।** गांव बडनपुर खेत में कमरे से इन्वर्टर, बैटरी तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बडनपुर निवासी बलजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने खेत में बने कमरे में इन्वर्टर, बैटरी तथा अन्य सामान को रखा हुआ था। बीती रात चोरों ने कमरे का ताला तोड़ कर इन्वर्टर, बैटरी व अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### छह मई को लगेगी बिजली अदालत

**जींद।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता मदन लाल सुखीजा ने कहा कि छह मई को जींद निगम के जींद कार्यालय में बिजली अदालत का आयोजन किया जाएगा। बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की अदालत 6 मई को अधीक्षक अभियन्ता आपरेशन सर्कल जींद कार्यालय में आयोजित होगी।

### शिविर में नागरिकों की समस्याओं का हो रहा हल

**जींद।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आयोजित समाधान शिविरों की कड़ी में सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने की। उपायुक्त ने कहा कि नागरिकों की शिकायतों के शीघ्र निपटारे के लिए हर सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं।

### बिजली कर्मचारियों का धरना जारी

**सफीदों।** बिजली कर्मचारियों के सस्पेंशन के विरोध में तालमेल कमेटी के बैनर तले बिजली बोर्ड में बिजली कर्मचारियों का धरना लगातार जारी है। इस मौके पर कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि 21 मार्च को एसडीओ के निर्देश पर डिड़वाड़ा, साहनपुर व मलिकपुर आदि गांवों में शिकायत के आधार पर बिजली चोरी की चैकिंग करने के लिए टीम बनाकर गए थे।

### खांडा में परशुराम जयंती पर 30 को होगा कार्यक्रम

**अलेवा।** खांडा गांव की परशुराम मंदिर कमेटी द्वारा बुधवार 30 अप्रैल को गांव में सभी वर्गो व ग्रामीणों के सहयोग से परशुराम जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर उचाना से भाजपा विधायक देवेंद्र अत्री व वशिष्ट अतिथि के तौके पर कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा हिस्सा लेगें।

### कर्मचारियों ने दो घंटे दिया धरना

**जींद।** उचाना उपमंडल कार्यालय परिसर में सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक कर्मचारियों ने सांकेतिक धरना दिया। तहसील कार्यालयए एसडीएम कार्यालय और अलेवा तहसील के कर्मचारी धरने में शामिल हुए। टीआरए बलवान सिंह ने बताया कि पटवारियों को जनवरी से और क्लर्क स्टाफ को फरवरी से वेतन नहीं मिला है।

### मंत्री बेदी आज करेंगे नरवाना का दौरा

**नरवाना।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी 29 अप्रैल को विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा करेंगे और जन समस्याएं सुनेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार कैबिनेट मंत्री बेदी के दौरे की शुरुआत गांव बेलरखा से होगी और गांव के संस्कृत मॉडल स्कूल में प्रातः 10: 00 बजे बेदी ग्रामीण जनसभा को संबोधित करेंगे।

## लघु सचिवालय स्थित सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ करें कार्रवाई :उपायुक्त

### हर संभव प्रयास कर दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाएं

### सुरक्षित स्कूल वाहन पोलिसी का उल्लंघन करने वाली स्कूल बसों को जल्द से जल्द किया जाए इमपाउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों की दृढ़ता से पालना की जाए। सभी अधिकारी हर संभव प्रयास करके दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाएं। विशेष अभियान चलाकर विद्यार्थियों व आमजन को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जागरूक किया जाए, वहीं कॉलेजों के बाहर नाके लगाकर यातायात नियमों का पालन न करने वालों के चालान किए जाएं। जहां-जहां सड़कों की मुरम्मत की जानी है, वहां पर सड़कों को दुरूस्त किया जाए, ताकि कोई घटना न घटे। जो बसें सुरक्षित स्कूल वाहन पोलिसी के तहत खरी नहीं उतर रही है, उन बसों को इम्पाउंड किया जाए।

डीसी प्रीति सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रही थीं। डीसी ने कहा कि सड़क सुरक्षा एक गंभीर विषय है, जोकि मानव जीवन से जुड़ा हुआ है। अधिकारियों के साथ-साथ आमजन भी अपनी जिम्मेदारियों को समझें और सभी सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। उन्होंने निर्देश जारी किए कि वे अपने-अपने विभागों में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे समय-समय पर इससे संबंधित बैठकें लेते रहे तथा इसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय में भिजवाएं।



कैथल। डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते।

#### कार्रवाई की गई

इस मौके पर आरटीए गिरिशि कुमार, कैथल एसडीएम अजय सिंह, कलायत एसडीएम अजय हुड्डा, गुहला एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह, डीएसपी सुशील प्रकाश, डीईओ रामदिया, डीआईओ दीपक खुराना, कार्यकारी अभियंता वरूण कंसल, प्रशांत ग्रोवर, सतपाल के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पिछले तीन माह से अनेकों बसों में अभी भी नियमों का पालन नहीं हो रहा है, जोकि बहुत बड़ी लापरवाही है। ऐसी बसों पर एक सप्ताह के अंदर-अंदर नियमानुसार कार्रवाई करें।

उन्होंने आरटीए को निर्देश दिए कि जो अधिकारी इस कार्य में लापरवाही बरतता है तो उसके खिलाफ नोटिस जारी करें। डीसी प्रीति ने पुलिस विभाग को सख्त निर्देश दिए कि वे अवैध पार्किंग व गलत साइड पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई करें। यातायात नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ चालानिंग बढ़ाई जाए। उन्होंने आरटीए को निर्देश दिए कि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए ओवर लोड वाहनों का चालान किया जाए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन सड़कों को मुरम्मत की जरूरत है, उनको जल्द से जल्द दुरूस्त किया जाए। सड़क निर्माण में सामग्री की गुणवता सही होनी चाहिए। वन विभाग के अधिकारी सड़कों पर टहनियों की छंटाई करवाना सुनिश्चित करें। सड़क सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ बेहत्तर कार्य करे। आरटीए गिरिश कुमार ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा गत मार्च माह में 3169 चालान किए गए, जिसमें 25 लाख 89 हजार 700 रुपये का चालान किए गए। इसी प्रकार आरटीए विभाग द्वारा 103 चालान किए गए, जिसमें 33 लाख 78 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया।

# कक्षा यूकेजी का परम अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में सोमवार को एक अनोखी और रोचक गतिविधि का आयोजन किया गयाए जिसमें नर्सरी से लेकर पांचवीं कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अपना परिचय नामक इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों को अपने बारे में बोलने और अपनी प्रस्तुति कौशल विकसित करने का अवसर मिला। इस प्रतियोगिता में नर्सरी से पांचवी तक के सभी बच्चों ने भाग लिया। जिसमें कक्षा केजी से रितिका ने प्रथम निकुंज ने द्वितीय और कृतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा यूकेजी से परम और दक्षित ने प्रथम स्थान यानवी ने द्वितीय स्थान और जयंत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पहली से दीपांशु ने प्रथम हरनूर ने द्वितीय और अथर्व ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

तथा कक्षा पहली रोज में नायरा ने प्रथम श्रुति ने द्वितीय और नायरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दूसरी में असमी , तेजस और अयान तथा आरवी ने प्रथम स्थान और रजत, चैतन्य एअयान, हूर एगुरमीत, वंशजीत और जसप्रीत ने द्वितीय स्थान तथा चाहतए हितेश एआयुष एविहान एकार्तिकए मोहिनी यश्नुर और अक्षित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।





नरवाना। प्रतियोगिता में अव्वल रहे बच्चे। फोटो :हरिभूमि



पीएचसी नगूरां पर लोगों को डेंगू व मलेरिया के बचाव की जानकारी देती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

#### बीमारियों से बचाव के बताए गुर

**अलेवा।** डेंगू तथा मलेरिया के खात्मे के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने नगूरां, दिल्लूवाला, दालमवाला, चांदपुर गांव में दस्तक दी। इस दौरान टीमों ने घर-घर जाकर होदी, कूलर, फ्रीज की ट्रे, टायर, गमला, पक्षियों के पीने के पानी के कटोरे, छत पर पड़े नारियल के खोल, प्लास्टिक की बोतल आदि की जांच की। लोगों को जागरूक करते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने कहा कि डेंगू बुखार एडिज मच्छर के काटने से फैलता है। डेंगू बुखार के लक्षण फलू जैसे होते हैं। तेज बुखार, सिर दर्द, मासपेंशियों व जोड़ों में दर्द, शरीर पर लाल रंग के चकते, जी मचलाना, उल्टी, थकान और कमजोरी तथा गंभीर लक्षणों में नाक, मसूड़ों और अन्य अंगों से खून आना हो सकता है। किसी भी व्यक्ति में ये लक्षण दिखाई दें तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर खून की जांच करवाएं।

### नागरिक अस्पताल परिसर से चार एसी आउटडोर चोरी

**जींद।** नागरिक अस्पताल के प्रशिक्षण केंद्र तथा एनएचएम कार्यालय के बाहर लगे चार एयर कंडीशनर आउटडोर को बीती रात चोरों ने चोरी कर लिया। नागरिक अस्पताल परिसर में यह पहली चोरी नही है। पूर्व में भी चोरी हो चुकी है।

नागरिक अस्पताल के डिप्टी सिविल सर्जन डा. नवनीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने नागरिक अस्पताल परिसर में प्रशिक्षण के बाहर लगे तीन एयर कंडीशनर आउटडोर तथा उसके साथ बने एनएचएम कार्यालय के बाहर लगे एक एयर कंडीशनर को चोरी कर लिया। घटना का सोमवार सुबह उस समय पता चला जब स्टाफ कार्यालय में पहुंचा और दोनों स्थानों से चार एयर कंडीशनर आउटडोर को गायब पाया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने डिप्टी सिविल सर्जन की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है।

#### अफवाहों से बचने की अपील की

**कैथल।** जिला कैथल में एक जिला स्तरीय पुलिस-पब्लिक समन्वय कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें जिला कैथल के एरिया के गांवों व कस्बों से लोगों को जोडकर एक कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी की सोमवार को कार्यालय पुलिस अधीक्षक कैथल में पुलिस-पब्लिक समन्वय मीटिंग का आयोजन किया गया। यह मीटिंग पुलिस अधीक्षक कैथल आस्था मोदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मीटिंग का मकसद पुलिस व आमजन के बीच सहयोग बढा कर अपराध मुक्त समाज की स्थापना करना है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बैठक के दौरान एसपी आस्था मोदी ने सभी से परिचय प्राप्त करने एरिया की समस्याओं बारे पूछा गया। बैठक में मौजूद गणमान्य व्यक्तियों द्वारा अपने क्षेत्र में नशा, सट्टेबाजी, अवैध रूप से शराब पिलाने बारे तथा अन्य समस्याओं बारे अवगत कराया गया।



कैथल। एसपी आस्था मोदी पुलिस-पब्लिक समन्वय मीटिंग लेते।



सनाईपर डॉग की सहायता से वाहनों की जांच करती पुलिस।

#### नशे के खिलाफ किया जागरूक

**कैथल।** नशा मुक्त हरियाणा मुहीम तहत जहां कैथल पुलिस द्वारा एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार आमजन को लगातार जागरूक किया जा रहा है, वही पर कैथल पुलिस नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए निरंतर प्रयासरत है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की इसी मुहीम तहत डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के कुशल नेतृत्व में पंजाब बोर्डर स्थित टटियाना नाका सहित जिला कैथल को अन्य जिलों से जोड़ने वाले नाको पर पुलिस टीम द्वारा सनाईपर डॉग की सहायता से जांच की गई। जांच दौरान आने जाने वाले वाहनों की गहनता से जांच की गई। यह जांच नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए अमल में लाई गई। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने कहा की यह जांच इसलिए की गई है ताकी अंतरराजीय नशा तस्करों पर शिकंजा कसा जा सके। नशा तस्करों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा।

#### सरकार ने जारी किया ये आदेश

**कैथल।** रेल यात्री कल्याण समिति की एक बैठक प्रधान बलवंत सिंह जाटान की अध्यक्षता में आर्य समाज मंदिर करनाल रोड कैथल में आयोजित हुई। बैठक में सबसे पहले बैठक में पहलगाम की दुखद घटना के प्रति शोक प्रकट करते हुए कहा कि इस गहरी दर्दनाक घटना के लिए संवेदनना व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया। इसके बाद प्रधान बंलवत सिंह जाटान ने समिति के सभी सदस्यों से आग्रह किया कि इस घटना के बाद बडी समझदारी से परिचय देना है तथा शांति व भाईचारे के साथ रहना है और किसी भी प्रकार को न तो अप्रिय बात करनी है और ना कोई अप्रिय कार्य करना है जिससे नगर की शांति भंग हो। उन्होने उपस्थित सदस्यों को यह भी संदेश दिया कि अपने मोबाईल पर ऐसी कोई भी विडियो अपलोड नही करना जिससे की किसी प्रकार की शांति भंग हो।



बैठक में विचार विमर्श करते रेल यात्री कल्याण समिति के सदस्य।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

#### भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा से मनाई

**जींद।** डीएन मॉडल स्कूल में भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा से मनाई गई। इस मौके पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अर्थ सदन की प्रभारी अंजू रोहिल्ला द्वारा की गई। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, भाषण व कविताओं में बढ़चढ़ कर भाग लिया। उत्तम प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय निदेशक वीरेंद्र ढिल्लो व प्राचार्या राज रेढू ने बच्चों को बताया कि भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्र के सुंदर समन्वय थे और उनके विचार जितने उनके काल में प्रासंगिक थे, उतने ही आज भी हैं। भगवान परशुराम के आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए।





जुलाना। भाजपा पदाधिकारियों को सम्मानित करते भाजपा नेता संग्राम सिंह।

#### सम्मान समारोह का आयोजन

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के गतौली मंडल कार्यालय मे गतौली मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह मे मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल जुलाना के सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता संग्राम सिंह वकील ने गतौली मंडल अध्यक्ष रवि आर्य के साथ नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूल माला व पार्टी का पटका पहनाकर सम्मानित किया। भाजपा नेता संग्राम सिंह वकील ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है और जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की जिम्मेदारी मंडल पदाधिकारियों की होती है और उन्हें विश्वास है की सभी नवनियुक्त पदाधिकारी जिम्मेदारी से पार्टी के प्रति पूरी निष्ठा से काम करते पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करेंगे।

# विश्वविद्यालय प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

- विश्वविद्यालय परिसर में पासपोर्ट सेवा केंद्र स्थापित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

किसान छात्र एकता संगठन के नेतृत्व में चौधरी रणबीर सिंह विवि के छात्रों ने अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर सोमवार को विवि प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। युवा अध्यक्ष नवरत्न माथुर ने कहा कि छात्रों की शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यदि हमारी मांगें शीघ्र पूरी नहीं हुईं तो विवि गेट पर अनिश्चितकालीन धरना और कक्षाओं का बहिष्कार किया जाएगा। महासचिव गोविंद सैनी ने कहा कि छात्रों के हक के लिए संगठन संघर्ष का हर मोर्चा तैयार करेगा। यदि प्रशासन ने अनदेखी की तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। कहा कि विवि परिसर में पासपोर्ट सेवा केंद्र स्थापित किया जाए ताकि छात्रों को पासपोर्ट बनवाने के लिए बाहरी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। विवि से छात्रों के आवागमन हेतु समय पर और सुरक्षित बस सेवा उपलब्ध करवाई जाए। छात्रों के शैक्षणिक विकास हेतु नियमित रूप से एक्सटेंशन लेक्चरर तथा शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया जाए। परिसर में चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाए ताकि आपातकालीन स्थितियों में त्वरित उपचार मिल सके। बसों में छात्राओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार को रोकने के लिए बसों में महिला सुरक्षाकर्मी नियुक्त किए जाएं और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।



जींद। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए छात्र।





जींद। सम्मान समारोह में सम्मान प्राप्त करती मनीषा बरसाना। फोटो :हरिभूमि

#### नर्सिंग ऑफिसर मनीषा सम्मानित

**जींद।** जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में कार्यरत नर्सिंग ऑफफसर मनीषा बरसाना को करनाल में सम्मानित किया गया। सामाजिक संस्था आरके फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह में जींद गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि मनीषा ने कोरोना काल में जिस तरह से अपनी पूरी कृत्यनिष्ठा, ईमानदारी, मानवीय व सामाजिक मूल्यों पर खरा उतरते पीड़ितों को घर तक जा कर उनकी मदद की तारीफ के काबिल रही। इसके अलावा भी मनीषा गरीब लड़कियों की पढ़ाई लिखाई व पढने की जरूरत में आने वाली किसी भी दिक्कत को दूर करने में हरसंभव मदद करती आ रही है। मनीषा ने अपने गांव में जल बचाओ अभियान को लेकर घर-घर जाकर जल का महत्व बताते जल व्यर्थ नहीं करने की व्यक्तिगत रूप से शपथ दिलवाने का अभियान चलाए हुए है।

## विकास नगर भिवानी रोड पर नवनिर्मित गली का उद्घाटन किया

# शहर का विकास हमारा प्रथम धर्म : डा. सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद में नगर परिषद द्वारा विकास कार्यों की गति तेज हो रही है। इस दौरान वार्ड नंबर 29 विकास नगर भिवानी रोड पर नवनिर्मित गली के उद्घाटन कार्यक्रम में डा. राज सैनी चैयरपर्सन प्रतिनिधि एवं जिला महामंत्री ने नारियल फोड़ कर गली का शुभारंभ किया। इसके साथ ही वार्डवासियों ओर मेनिफेचर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा डा. राज सैनी का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। डा. राज सैनी ने बताया कि अभी वार्ड नंबर 29 में एक करोड़ 76 लाख 53 हजार के विकास कार्य चल रहे हैं। उनमें से आज लगभग 70 लाख के विकास कार्य पूरे हुए हैं। वार्ड नंबर 29 से नगर पार्षद प्रवीन देवी ने बताया कि नगर परिषद जींद की चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी जींद शहर में विकास कार्यों को लेकर तेजी से कार्य कर रही है। चेयरपर्सन बनने से लेकर डा. अनुराधा सैनी व उनके प्रतिनिधि एवं जींद भाजपा से जिला महामंत्री समय-समय पर सभी वार्डों में जनता से रूबरू हो रहे हैं और जनता के विचारों के मुताबिक शहर में विकास कार्य कर रहे हैं। जींद शहर में सभी मुख्य मार्गों पर तिरंगा लाइट लगाकर एक नया रूप शहर को दिया है। यह केवल डा. अनुराधा सैनी के चेयरपर्सन बनने पर ही संभव हो पाया है। चेयरपर्सन प्रतिनिधि डा. राज सैनी ने बताया कि वार्ड नंबर 29 में चौगणन माता से लेकर सीबिया फार्म तक गली निर्माण किया गया है।

इस गली का निर्माण कार्य कई वर्षों से रुका हुआ था। इस गली के निर्माण से वार्डवासियों ओर स्थानीय निवासियों में खुशी की लहर है। नगर पार्षद प्रवीन देवी ने बताया कि विकास कार्यों में रुचि दिखा रही चेयरपर्सन का ग्राफ बढ़ रहा है और जनता उनके कार्यों के प्रति लगनशीलता को सराह रही है। पार्षद ने बताया कि उनके वार्ड में नगर परिषद चेयरपर्सन द्वारा लगातार विकास कार्य किए जा रहे है। इस दौरान नगर पार्षद प्रवीण देवी, पार्षद सियाराम गोयल, पार्षद प्रतिनिधि जिनेंद्र कुमार, सतीश ढिल्लो, राजकुमार, अनिल सोनी, सोनू गिरी, जींद शहरी मंडल अध्यक्ष गुलशन रोहिला, सुनील जांगडा, रमेश सैनी के साथ अनेकों वार्डवासी मौजूद रहे।



जींद। नवनिर्मित गली का शुभारंभ करते डा. राज सैनी। फोटो :हरिभूमि

### ग्रामीणों ने सिमरन का किया स्वागत

**सफीदों।** यूपीएससी की परीक्षा में 66वां रैंक हासिल करने वाली सिमरन सोमवार को अपने पैतृक गांव पाजू खुर्द पहुंची। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने उसका फूलों की मालाएं व पगड़ी पहना कर जोरदार अभिनंदन किया। गांव के बाहर से सिमरन को ढोल-नंगाड़ों व डीजे के साथ खुली जिप्सी में गांव में लाया गया। गांव पाजू कलां व पाजू खुर्द के राजकीय स्कूल में आयोजित इस अभिनंदन समारोह में बतौर अतिथि सोनीपत लोकसभा सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, पूर्व विधायक सुभाष देशवाल, पूर्व विधायक जसबीर देशवाल व पूर्व विधायक कलीराम पटवारी ने शिरकत की। अतिथियों ने सिमरन का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। अपने संबोधन में सिमरन ने कहा कि उसकी सफलता के पीछे उसके माता-पिता व परिवार का विशेष योगदान रहा है।

**सूचना**

मैं, अमरजीत पुत्र श्री लखीराम निवासी गांव धिमाना तहसील व जीन्द बयान करता हूं कि मेरी पुत्री रिंकू मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, महा सिंह पुत्र श्री रामेश्वर निवासी गांच बुआना तह. जुलाना जिला जीन्द बयान करता हूं कि मेरा पुत्र राजीव व मेरी पुत्रवधु रेखा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

खबर संक्षेप

## रेलकर्मियों ने मांगों को लेकर धरना दिया

**जींद।** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के आह्वान पर नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन जींद शाखा ने डिसिप्लिनरी कमेटी की सिफारिश के विरोध में एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन लोको लॉबी पर किया। कर्मचारियों ने कहा कि डिसिप्लिनरी कमेटी ने बिना यूनियन से वार्ता के रनिंग स्टाफ पर सिफारिशें थोपने का काम किया है। शाखा सचिव मेहर सिंह ने सभी कर्मचारियों को डिसिप्लिनरी कमेटी की ओर से जारी की गई सिफ ारिशें के बारे में जानकारी दी।

## जिले में खाद की है पर्याप्त उपलब्धता : नागपाल

**जींद।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक गिरीश नागपाल ने बताया कि जिले में लगभग 1,59,000 हेक्टेयर क्षेत्र में धान की खेती तथा 56,176 हेक्टेयर क्षेत्र में कपास की खेती की जाती है। उन्होंने बताया कि इस सीजन में अब तक लगभग 31,453 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। जिले में खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई।

## घर से लाखों के गहने व नकदी गायब, मामला दर्ज

**जींद।** सीआईए स्टाफ वाली गली नरवाना में मकान से सोने के जेवरात तथा नगदी गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर नौकर के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीआईए स्टाफ वाली गली नरवाना निवासी राजबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके घर से छह सोने की अंगूठी, एक लोकेट समेत सोने की चेन, गोदाम कार्यालय से बीस हजार की नकदी चोरी हो गई।

## युवक को युवती के परिजनों ने पीटा

**जींद।** प्रेम विवाह करने पर युवक के साथ युवती के परिजनों ने मारपीट की और फिर युवती को साथ ले गए। युवक ने इस मामले की शिकायत एसपी को दी है। एसपी ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सोमवार को घसो कलां निवासी विशाल और भिवानी रोड निवासी युवती सुहानी प्रेम विवाह करने के लिए कोर्ट में पहुंचे थे।

## पंजीकरण प्रक्रिया सरल बनाने की मांग

**जींद।** प्ले स्कूल एसोसिएशन ने डीसी को पत्र लिखकर पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने की मांग की है। एसोसिएशन के सदस्य कर्मवीर सिंह, रोहित, नवीन, राजकुमार, राजपाल ने कहा कि किड्स प्ले स्कूलों को स्थाई पंजीकरण नहीं मिलने के कारण उनके स्कूलों की प्रतिष्ठा और भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पंजीकरण प्रक्रिया में देरी की जा रही है। इसके अलावा किड्स प्ले स्कूल चलाने के लिए स्पष्ट और स्थिर नियमों का निर्धारण आवश्यक हैए ताकि वह अपने स्कूल को नियमों के अनुसार चला सकें। हर साल नियमों में बदलाव होने से उन्हें परेशानी हो रही है।

### बिना अनुमति के कॉलोनी काट लोगों को लगा रहा लाखों का चूना

# कस्बा चीका में धड़ल्ले से फलफूल रहा है अवैध कालोनाइजरों का धंधा

पिहोवा रोड चीका पर कटी कॉलोनी में चल रहा निर्माण कार्य

राजपाल जिंदल ▶▶| गुहला-चीका



**गुहला-चीका ।** के पिहोवा रोड पर काटी जा रही कालोनी फोटो : हरिभूमि

प्रदेश में अवैध कॉलोनियों पर रोक लगाने को लेकर सीएम भी कइंं बार आदेश जारी कर चुके हैं लेकिन कस्बा चीका के शहरी एरिया से लेकर साथ लगते आधा किलोमीटर तक धड़ल्ले से अवैध कॉलोनी कट रही हैं। इससे दाल में काला नहीं बल्कि पूरी दाल ही काली नजर आ रही है क्योंकि यह बिना अधिकारियों की मिलीभगत के नहीं हो सकता। हालांकि शहरी एरिया में कार्रवाई का अधिकारी डीटीपी के साथ-साथ नगर परिषद व नगर पालिकाओं के साथ भी होता है, लेकिन नगर परिषद व नगर पालिकाएं न तो कोई अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई कोई कारबाई करती है और डीटीपी विभाग की कार्रवाई भी ना के बराबर हैं। हकीकत में विभाग की कार्रवाई के बावजूद इन अवैध कॉलोनियों में निर्माण जोरो से जारी रहता है। कॉलोनियों में न तो निर्माण कार्य रुक रहा है न ही नई कॉलोनी कटने पर कोई रोक है। गौरतलब है कि चीका शहर के चारों तरफ किसानों से खेत की जमीन खरीद कर प्लॉट काटकर बेचे जा रहे हैं। हालांकि डीसी समय-समय पर अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई के निर्देश देती हैं। डीटीपी विभाग जेसीबी लेकर इन कॉलोनियों में कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति करती है। मुख्यमंत्री नायब सैनी भी समीक्षा बैठक में दे चुके कार्रवाई के आदेश गौरतलब है कि 4 दिन पहले सीएम नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में बैठक के दौरान शहरी एरिया में नगर परिषद व नगर पालिकाओं की सीमा के अंतर्गत अवैध कॉलोनी न बनने देने के सख्त आदेश अधिकारियों को दे चुके हैं। साथ ही अवैध कॉलोनी काटने वाले डीलर्स के खिलाफ तुरंत केस दर्ज कराने के आदेश दिए हैं बन रही अवैध कॉलोनियों में चल रहे निर्माण कार्यों पर कोई असर देखने को नहीं मिला।

### कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति

इन कॉलोनियों पर निगरानी और कार्रवाई की जिम्मेदारी डीटीपी (डिस्ट्रिक्ट टाउन प्लानर) के साथ-साथ नगर परिषद और नगर पालिकाओं की भी होती है। लेकिन इन संस्थाओं द्वारा की जा रही कार्रवाई सिर्फ खानापूर्ति बनकर रह गई है। डीटीपी विभाग समय-समय पर जेसीबी लेकर अवैध कॉलोनियों में पहुंचता जरूर है, लेकिन यह कार्रवाई प्रभावहीन होती है। कॉलोनी में निर्माण कार्य न तो बंद होता है और न ही नई कॉलोनियों के बनने पर कोई प्रभावी रोक लगती है।

### नहीं थम रही अवैध कॉलोनियों की बाढ़

कैथल जिले के चीका क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के निर्माण पर सरकार द्वारा बार-बार सख्त आदेश देने के बावजूद इन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। सीएम का कहना था कि शहरी क्षेत्रों और नगर परिषद की सीमा के अंतर्गत किसी भी प्रकार की अवैध कॉलोनी नहीं बनने दी जाए। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा था कि ऐसी कॉलोनियों को काटने वाले डीलरों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। इसके बावजूद चीका के पिहोवा रोड पर और उसके आसपास अवैध कॉलोनियों में तेजी से निर्माण कार्य जारी है।

### नहीं देते जानकारी

नगर पालिका सचिव जितेंद्र शर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा यह कॉलोनी पिहोवा रोड पर कहां पर है और कब काटी गई है उसकी लोकेशन क्या है जानकारी देने की बजाय जानकारी छुपाने की कोशिश करते नजर आए जब मेने सचिव से पूछा कॉलोनी वैध है या अवैध है तो सचिव का जवाब था चेक करूंगा तभी तो बता पाऊंगा

### होगी कार्रवाई

नगर योजनाकार रोहित चौहान ने बताया कि आप कार्यालय में आकर जानकारी लें। जब उन्हें बताया गया कि यह कालोनी मात्र तीन दिन पहले ही आबाद की गई तो वे बदलते नजर आए तथा उन्होंने कहा कि इस बारे उन्हें आपके माध्यम से जानकारी मिली है। वे जल्द ही इसकी जांच करवाएंगे। यदि इसकी मान्यता नहीं ली गई तो इस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### समय रहते करें कार्रवाई

नाम न छापने की शर्त पर शहवासियों ने बताया कि कालोनाइजर इस प्रकार की अनूअपूरव कालोनी में प्लाट काटकर लाखों रुपये कमाते हैं लेकिन बाद में पीला पंजा चलने पर शहरवासियों को नुकसान उठाना पडता है। सरकार व प्रशासन को चाहिए कि वह समय रहते कदम उठाए।



बैठक में भाग लेते हुए श्री ब्राह्मण कल्याण समिति पूंडरी के सदस्य।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

श्री ब्राह्मण कल्याण समिति पूंडरी की विशेष बैठक समिति प्रधान अश्विनी कौशिक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के आयोजन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। प्रधान ने बताया कि 29 अप्रैल को मनाए जाने वाले इस कार्यक्रम में विधायक सतपाल जांबा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट संदीप शर्मा कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। प्रधान अश्विनी कौशिक ने कहा कि भगवान विष्णु के छठे अवतार, भगवान परशुराम जी का यह पावन जन्मोत्सव परशुराम सदन, पूंडरी में पूरे श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर हवन, पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। प्रधान कौशिक ने सभी ब्राह्मण बंधुओं एवं नगरवासियों से आग्रह किया कि वे परिवार सहित इस शुभ अवसर पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक व प्रेरणादायक बनाएं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था का उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और संगठन का भी प्रतीक है। बैठक में महासचिव प्रमोद शर्मा, कोषाध्यक्ष बिशनदत्त शर्मा, जीतराम शर्मा, जोगिंद्र शर्मा, राजेश शर्मा, संदीप शर्मा, शिवदत्त शर्मा, रमेश शर्मा, नरेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, राकेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, संजय शर्मा, राजीव शर्मा, जयपाल शर्मा समेत कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## राष्ट्र स्तरीय ओलंपियाड में ओएसडीए स्कूल की छात्रा ने लहराया हरियाणा का परचम

**कैथल।** डी.ए.वी प्रबंधकर्त्री समिति द्वारा दिसंबर महीने में कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए ग्रुप -1 और ग्रुप -2 में गणित , विज्ञान और आई .सी. टी. विषयों पर आधारित डी.ए.वी. ओलंपियाड का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने भाग लिया। गौरतलब है कि डी.ए.वी प्रबंधकर्त्री समिति यह प्रतियोगिता प्रतिवर्ष आयोजित करती है जिसमें विभिन्न राज्यों के अनेक विद्यार्थी भाग लेते हैं । इस वर्ष ओ.एस.डी.ए.वी पब्लिक स्कूल की कक्षा सातवीं की छात्रा नदिया ने ग्रुप-1 में आईसीटी ओलंपियाड में अपनी अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने अभिभावक तथा विद्यालय का नाम रोशन किया ।

# पीड़ित को न्याय दिलाने संवेदनशीलता से काम करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल ।** एसपी आस्था मोदी अधिकारियों की मीटिंग को संबोधित करते हुए ।

पुलिस लाइन में कैथल एसपी आस्था मोदी द्वारा जिला के सभी डीएसपी, थाना प्रबंधक तथा सभी अपराध युनिट की मीटिंग लेकर उनका परिचय लेने उपरांत निर्देश दिए कि पुलिस आमजन व पीड़ति को न्याय दिलाने के लिए संवेदनशीलता के साथ सजग व सचेत रहे। एसपी ने पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों को सजग किया कि भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए कर्मचारी-अधिकारी के खिलाफ कोई रियायत ना बरतकर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी। कर्मचारी व अधिकारी अपने काम पर फोकस रखकर बेहतरीन नतीजे दें। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए थाना प्रबंधक व अपराध यूनिटों में परस्पर सामंजस्य व सहयोग कायम रखना जरूरी है, जिसके दौरान आमजन से निरंतर संवाद कायम रखकर सार्थक सहयोग प्राप्त किया जा सकता है। थाना प्रबंधक अपने सामाजिक सरोकार को समझते हुए अपने-अपने क्षेत्र में रोड सेफ्टी, नशे की रोकथाम लगाने सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके लोगों को जागरूक करें। कानून व्यवस्था व महिला सुरक्षा तथा नशे की रोकथाम को प्राथमिकता देने की बात कही। एसपी ने सभी थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए।

पहलगाम हमले पर किया प्रदर्शन

# दहशतगर्दों को सीधे गोली मारने का आदशे दें : मौलाना सईद उर रहमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



काले बिल्ले लगाकर आतंकवाद के खिलाफ रोष जताते मुस्लिम समाज के लोग।

सिरटा रोड पर स्थित मदनी मदरसा में पहलगाम की घटना के विरोध में सोमवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बैठक कर हमले की निंदा की। बैठक में समुदाय के लोगों ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन भी किया। इस बैठक में मदरसा के संचालक मौलाना सईद उर रहमान ने कहा कि इस्लाम के नाम पर पहलगाम में किया गया आतंकी हमला मानवता के खिलाफ है। वह आतंकियों की नापाक हरकतों के कारण शहीद हुए अपने हिंदू भाइयों और उनके परिवारों के लिए दुआ करते हैं। इस लड़ाई में हर सच्चा मुसलमान देश और अपने हिंदू भाइयों के साथ खड़ा है। यह हमला न केवल इंसानियत और देश की पहचान और भाईचारे के खिलाफ है।



**कैथल।** साउंड रिकोर्डिस्ट सुभाष चंद को स्मृति चिन्ह देते डीआइपीआरओ कार्यालय के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## साउंड रिकोर्डिस्ट सुभाष चंद को दी विदाई पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग में कार्यरत साउंड रिकोर्डिस्ट सुभाष चंद की सेवानिवृति के उपलक्ष्य में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इसमें डीआईपीआरओ नसीब सैनी सहित अधिकारियों, कर्मचारियों सहित परिवार के लोगों ने भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए विदाई दी।

डीआईपीआरओ नसीब सैनी ने कहा कि साउंड रिकोर्डिस्ट सुभाष चंद का लगभग 36 साल का कार्यकाल बहुत सरहानीय रहा। उन्होंने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री कार्यक्रमों व अन्य प्रशासनिक बैठकों में बेहतरीन कार्य किया है। उन्होंने अपनी कार्यशैली से विभाग में एक अलग ही छाप छोड़ी हैं, जिससे अन्य कर्मचारियों को भी प्रेरणा मिलती रहेगी। उन्होंने विभाग में ईमानदारी से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई है, जोकि आने वाले लोगों के लिए प्रेरणादायक है।

# नीट परीक्षा की तैयारियों शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



परीक्षा को लेकर दिशा-निर्देश देते हुए डीसी। फोटो : हरिभूमि

लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में नीट 2025 परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने की और इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य, सिटी मजिस्ट्रेट डा. आशीष देशवाल और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जिला उपायुक्त ने नीट परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए दिशा-निर्देश दिए और सभी अधिकारियों से की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, बुनियादी सुविधाओं और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

चार मई को दो से पांच बजे तक आयोजित होगी नीट परीक्षा

गौरतलब है कि नीट 2025 परीक्षा 4 मई को आयोजित होगी। परीक्षा का समय दोपहर दो बजे से 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले उम्मीदवारों को 11 बजे से परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

**यहां होगा परीक्षा का आयोजन**

1. चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय।
2. राजकीय महाविद्यालय।
3. राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल।
4. राजकीय महिला महाविद्यालय।
5. राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल।

डीसी ने अधिकारियों की बैठक ले दिए दिशा-निर्देश

उपायुक्त ने सभी परीक्षा केंद्रों के लिए निर्देश दिए कि प्रत्येक केंद्र पर बैठने की व्यवस्था सही होनी चाहिए। बेंच आरामदायक होने चाहिए और कमरे की खिड़कियां और दरवाजे टूटे नही हों।

नई कार्यकारिणी बनाने पर आभार जताया

## राजौंद मंडल कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारी पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा से मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



मंडल कार्यकारिणी के नव नियुक्त सदस्यों का मुंह मीठा करवाते हुए पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा।

रविवार को राजौंद मण्डल कार्यकारिणी के सभी नवनियुक्त पदाधिकारी राजौंद मंडल अध्यक्ष सुशील पांचाल के नेतृत्व में पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा से मिलने के लिए उनके आवास पर पहुंचे। पूर्व मंत्री को नई कार्यकारिणी बनाने पर आभार प्रकट किया। इस दौरान पूर्व मंत्री ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा करवाया और उन्हें नव दायित्व की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि आपको जो जिम्मेदारी दी गई है मुझे पूरी उम्मीद है कि आप सभी कार्यकर्ता दिए गए दायित्वों का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे और पार्टी की रीति नीतियों को जन जन तक पहुंचाने व पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। इस दौरान सुशील पांचाल, कपिल दीक्षित, बलविंदर दीक्षित, लोकेश राणा, पवन शर्मा,वीरेंद्र राणा,नीरज राणा ,जॉनी राणा,कमल राणा, कर्मपाल राण,ा संजीव वाल्मीकि सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कृष्ण श्योकंद पैनल को मिल रहा अपार जनसमर्थन

# जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में 30 को होने वाले मतदान को लेकर प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में झोंकी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल ।** कृष्ण श्योकंद चीका में मतदाताओं से रूबरू होते हुए

जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र के 30 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर प्रत्याशियों ने अपना-अपना चुनाव प्रचार पूरी तरह से तेज कर दिया है।

चुनाव में प्रधान पद के प्रत्याशी एवं कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नेता कृष्ण श्योकंद ने सोमवार को उचाना, नरवाना, चीका, कलायत और कैथल हलका का तूफानी दौरा किया तथा मतदाताओं से वोट देने की अपील की। श्योकंद ने बताया कि इन सभी हलकावासियों से उन्हें पूरा जनसमर्थन एवं प्यार मिल रहा है। उनके पैनल में उपाध्यक्ष पद के लिए बनी सिहं ढुल, सचिव हेतु हरिकेश लाल सहारण, सह सचिव होशियार सिंह, कोषाध्यक्ष नरेंद्र सिंह व अन्य 6 कार्यकारी सदस्य शामिल हैं। इस अवसर पर उनके साथ मास्टर राय सिंह सहारण, साधु राम, दलबीर नैन, सुशील पुनिया भागल, कृष्ण देबन, जगमग मटौर, राममेहर, जोगेंद्र नौच, जोगी राम बरटा, अनुराग बिढान आदि शामिल रहे।

### करीब 720 मतदाता

बता दें कि चुनाव हेतु कृष्ण श्योकंद पूरे पैनल के साथ चुनावी दंगल में उतरे हैं। बता दें कि कुरुक्षेत्र जाट धर्मशाला में करीब 720 मतदाता हैं। यह चुनाव 30 अप्रैल को कुरुक्षेत्र धर्मशाला में जिला प्रशासन की मौजूदगी में करवाया जाना है। बता दें कि कृष्ण शुरुआती दौर से छात्र नेता रहे हैं। उन्होने अपनी एमएमसी और पीएचडी की पढ़ाई कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र से की है। वे वर्ष 1997 से 2007 तक 10 साल तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय छात्र संघ ने प्रधान रहे तथा छात्र हितों की आवाज बुलंद की।

### महाराष्ट्र, राजस्थान व पंजाब से भी आएंगे मतदाता

श्योकंद ने बताया कि धर्मशाला के चुनाव में न केवल हरियाणा बल्कि उने साथी महाराष्ट्र राजस्थान व पंजाब से भी कुरुक्षेत्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# आग लगने से हुए नुकसान को लेकर एसडीएम से मिले पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



कलायत में एसडीएम अजय हुड्डा से बातचीत करते पीड़ति अजय व ग्रामीण

कलायत के गांव शिमला में शार्ट-सर्किट से मकान व दो दुकानों में लगी आग से हुए भारी नुकसान को लेकर ग्रामीणों के शिष्टमंडल ने एसडीएम अजय हुड्डा से मुलाकात की। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी के नाम एक मांग पत्र भी सौंपा गया है। इसमें आग की घटना से पीड़ति अजय को हुए नुकसान की भरपाई के लिए शासन-प्रशासन से मुआयजा देने की मांग की गई। अजय ने बताया कि परिवार के पास आय का साधन केवल दुकानें थी। उनके कंधों पर माता-पिता व छोटा भाई संजय की जिम्मेवारी है। जिन दो दुकानों में नुकसान हुआ है उसमें एक करियाना व दूसरी दुकान कपड़े, जूते व अन्य सामान की है। 26 अप्रैल की रात्रि करीब साढ़े दस बजे धधकी आग की सूचना तब मिली जब गांव के ही युवा बिटटू दुकान से कोल्ड ड्रिंक्स लेने के लिए आया। दुकान से धुआं निकलता हुआ दिखाई दिया और युवा ने चिख-पुकार कर सबको जगाया। दुकान के अंदर का दरवाजा खोला तो आग बहुत ज्यादा बढ़ चुकी थी। दुकानों के साथ-साथ मकान में रखा सामान भी जल कर राख हो गया। इसमें अलमारी, पेटी व इनमें रखा सामान, आर.ओ, एल.ई.डी. टीवी, कैमरे, डीवीआर, लैपटॉप, वाशिंग मशीन, बैड, सौफे, एसी, मोबाईल फोन, 1 लाख 10 हजार रुपए नकदी, करीब 8 तोले सोने के आभूषण, दो किलो चांदी के गहने, बैटरी से चार्ज होने वाली स्कूटी व अन्य सामान शामिल है।